SAI
भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA

# भारतीय खेल प्राधिकरण
## (राजभाषा प्रभाग)

फा. स. : भाखेप्रा/रा.भा./3001/2025-26 /323 दिनांक 30.06.2025

**विषयः भारतीय खेल प्राधिकरण की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 111 वीं तिमाही बैठक (अप्रैल से जून, 2025) का आयोजन।**

भारतीय खेल प्राधिकरण की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 111 वीं तिमाही बैठक सचिव/अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अध्यक्षता में दिनांक 02.07.2025 को **11:00** बजे मुख्य कार्यालय के भूतल स्थित सम्मेलन कक्ष में आयोजित की जाएगी। भाखेप्रा मुख्य कार्यालय के समस्त प्रभाग/स्टेडिया प्रमुखों से अनुरोध है कि वे बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। बैठक की कार्यसूची मदे निम्नानुसार है : -

1. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 110 वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि।
2. पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की रिपोर्ट।
3. राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम 2025-26 में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के उपायों पर चर्चा।
4. सितंबर, 2025 माह में हिन्दी पखवाड़े का आयोजन ।
5. मीडिया प्रभाग द्वारा जारी विज्ञापनों पर किए जाने वाले कुल व्यय में से 50% हिन्दी विज्ञापनों पर खर्च करना।
6. अधिकारियों और कार्मिकों की सेवा पुस्तिकाओं के शीर्षक और प्रविष्टियाँ हिन्दी में करना।
7. हिन्दी तिमाही रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करना।
8. अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य कोई मद ।

उक्त संबंध में, सहायक निदेशक एवं उनसे ऊपर के स्तर के सभी अधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों से अनुरोध है कि वे बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने की कृपा करें।

इसे सचिव/अध्यक्ष, रा.भा.का.स. के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

आशा 30/6/25

**(आशा)**
**उप-निदेशक (राजभाषा)**

प्रति : -

| | |
|---|---|
| भाखेप्रा मुख्य कार्यालय के समस्त प्रभाग प्रमुख/स्टेडिया - प्रशासक | अनुरोध है कि दिनांक 02.07.2025 को **11:00 बजे** तक भाखेप्रा मुख्य कार्यालय के भूतल स्थित सम्मेलन कक्ष में अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। |
| उप निदेशक (सामान्य प्रशासन प्रभाग) - | अनुरोध है कि उक्त अवधि के दौरान लगभग 30-35 अधिकारियों के लिए जलपान (पानी+चाय+बिस्कुट) की व्यवस्था सुनिश्चित करें। |

प्रतिलिपि सूचनार्थ : -

1. महानिदेशक, भाखेप्रा के उप निदेशक
2. सचिव, भाखेप्रा के अनुभाग अधिकारी
3. मास्टर फाइल